1-V.S.K. Kaumudi, IPS, Director General, Bureau of Police Research and Development (BPR&D) and Prof. Anil D. Sahasrabudhe, Chairman, All India Council for Technical Education (AICTE) on 26th August 2021 at National Media Centre launched MANTHAN 2021.

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) में महानिदेशक, आईपीएस वी. एस. के. कौमुदी और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के चेयरमैन प्रो. अनिल डी. सहस्रबुद्धे ने नेशनल मीडिया सेंटर में मंथन 2021 का शुभारम्भ किया।

2-Lieutenant Governor of Union Territory of Ladakh Radha Krishna Mathur and Union Minister of Tourism, Culture and Development of North Eastern Region (DoNER) G. Kishan Reddy address a mega-tourism event "Ladakh: New Start, New Goals" being organized in Leh from 26th -28th August 2021.

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उप-राज्यपाल राधा कृष्ण माथुर और केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी. किशन रेड्डी ने 26 से 28 अगस्त 2021 तक लेह में आयोजित किए जाने वाले मेगा-पर्यटन कार्यक्रम "लद्दाख: नई शुरुआत, नए लक्ष्य" को संबोधित किया।

3-As part of military diplomacy and to strengthen the growing strategic relation with Kazakhstan, the 5th edition of Indo- Kazakhstan Joint Training Exercise, "KAZIND-21" will be conducted at Training Node, Aisha Bibi, Kazakhstan, from 30 August to 11 September 2021.

कजाकिस्तान के साथ बढ़ रहे रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने और सैन्य कूटनीति के एक हिस्से के रूप में 'भारत-कजाकिस्तान संयुक्त प्रशिक्षण प्रयास का 5वां संस्करण' ट्रेनिंग नोड, आइशा बीबी, कजाकिस्तान में 30 अगस्त से 11 सितम्बर, 2021 तक आयोजित किया जाएगा।

4-Union Minister of Finance and Corporate Affairs Nirmala Sitharaman unveiled the fourth edition of the Public Sector Bank (PSB) Reforms Agenda 'EASE 4.0' for 2021-22 - tech-enabled, simplified, and collaborative banking.

केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2021-22 के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक सुधार एजेंडा 'ईज़ 4.0' के चौथे संस्करण का अनावरण किया।

5-In a bid to provide relief to families of bank employees, the Government has approved the Indian Banks' Association's (IBA) proposal to increase the family pension to 30% of last salary drawn.

बैंक कर्मचारियों के परिवारों को राहत देने के लिए, सरकार ने इंडियन बैंकिंग एसोसिएशन के परिवार पेंशन को अंतिम आहरित वेतन के **30%** तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

6-Keeping in view the interest of the sugarcane farmers, the Cabinet Committee on Economic Affairs approved Fair and Remunerative Price (FRP) for sugarcane at Rs 290 per quintal, based on 10 per cent recovery, for the sugar season 2021-22 (October-September).

गन्ना किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) को चीनी सीजन **2021-22** (अक्टूबर-सितंबर) के लिए **290** रुपये प्रति क्विंटल की दर से **10** फीसदी की रिकवरी के आधार पर मंजूरी दे दी।

7-The Cabinet Committee of Economic Affairs has approved the FDI proposal for an investment of upto 15 thousand crore rupees by Anchorage Infrastructure Investment Holding Limited.

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने मेसर्स एन्करेज इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट होल्डिंग लिमिटेड में **15** हजार करोड़ रुपये तक के निवेश के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

8-The Ministry of Jal Shakti began 'SUJALAM', a '100 days campaign' as part of the 'Azadi Ka Amrit Mahotsav' celebrations to create more and more ODF Plus villages by undertaking waste water management at village level particularly through creation of 1 million Soak-pits and also other Grey water management activities.

जल शक्ति मंत्रालय ने'आजादी का अमृत महोत्सव' समारोह के अंतर्गत'सुजलम' की शुरुआत की है, जिसके द्वाराग्रामीण स्तर पर अपशिष्ट जल प्रबंधन करते हुए,विशेष रूप से दस लाख सोख-गड्ढों का निर्माण करके और अन्य ग्रेवॉटर प्रबंधन गतिविधियों के माध्यम से, ज्यादा से ज्यादा गावों को ओडीएफ प्लस गांवों में परिवर्तित किया जा सके।

9-The Yogi Adityanath government in Uttar Pradesh will set up health club for girls in every state university, private university, government college, non-government aided college and self-funded college in the state.

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार राज्य के हर राज्य के विश्वविद्यालय, निजी विश्वविद्यालय, सरकारी कॉलेज, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज और स्व-वित्त पोषित कॉलेज में लड़कियों के लिए हेल्थ क्लब स्थापित करेगी।

10-Bihar Chief Minister Nitish Kumar inaugurated four state highways having a total length of 130 km and constructed at a cost of over Rs 1,121 crore.

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कन्फ्रेंस के माध्यम से **1,121** करोड़ रुपये की लागत से बने **130** किलोमीटर लंबे चार राज्य उच्च पथों का लोकार्पण किया।